नारीलोक

जनवरी 2026 अंक 330

अध्यक्षीय कार्यालय
SUMAN NAHATA
G-67, Kirti Nagar, New Delhi, 110015
Mob no: 9818854120
Email: sumannahata67@gmail.com

अध्यक्षीय टंकार

सम्माननीय बहनों!

नव प्रातः लिए, नव आस लिए, नव वर्ष का नव सोपान है
महक रही हैं मधुर हवाएं, खिला हुआ मानो नव मधुमास है।

नयी उम्मीदें और नए सपनों के साथ बहनों नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। इस नव वर्ष में आपके कदम सफलता की ओर तेजी से अग्रसर हों यही कामना है। नये साल के साथ ही महिला मंडल का एक नया पड़ाव भी शुरू होना चाहिए क्योंकि नया साल हमारे लिए नयी सौगातें व नए सपने लेकर आने वाला है। नये वर्ष पर इस विश्वास को समृद्ध करना है कि जीवन में असंभव कुछ भी नहीं। जब कुछ नया करने का संकल्प जगेगा, पुरूषार्थ की मशाल जलेगी, यथार्थ से रूबरू होंने तब हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े हैं, हमारे लिए इस वर्ष का कीमती तोहफा होगा। इसके लिए सृजनशील चिंतन और कर्म को खुला आकाश देने की जरूरत है।

मन की भूमि पर विचारों के बीज संभलकर डालें। जैसा बीज होगा, वैसे ही उसके फल फूल होंगे। मन में किसी के लिए अच्छाई या बुराई के बीज बोने से पहले ध्यान रखें कि ये आपके अपने भीतर ही जड़ें फैलाएंगे। उसकी सुगंधित या दूषित हवा में पहले आप स्वंय सांस लेंगे। लेखक स्टीव मारबली कहते हैं, ''आप झुंझलाते हैं, क्योंकि आप उन फूलों के खिलने का इंतजार कर रहे हैं, जिन्हें अभी बोया जाना है।''

हमें नारी समाज को एक आदर्श मुकाम देने के लिए गुणों, सृजन एवं करूणा के बीज बोने हैं। बहुत बहनें हैं, जो सेहत एवं शील से ज्यादा सुंदरता पर ध्यान देती हैं। ऐसी बहनों का अपने शरीर से नाता केवल रंग, आकार, कपड़ों ओर आभूषणों तक ही सीमित होता है। नतीजा, किसी और की खूबसूरती के पैमानों का चश्मा चढ़ाए वे अपनी असली सुंदरता देख ही नहीं पाती, अपने आन्तरिक गुणों को पहचान ही नहीं पाती है। इसी कारण, अनुकूल परिस्थितियाँ होने के बावजूद बहनों को जिस ऊँचाई तक पहुँचना चाहिए था, वे वहाँ तक नहीं पहुँच पाई हैं। आदर्शों के हिमालय तक आरोहण करने तथा संकल्पों के सोपान की संरचना करने के लिये बहनें स्वयं सोचें, बड़ा सोचें, अपने कार्यक्रमों में नये आयाम जोड़े।

अब्राहम लिंकन ने कहा है कि आप कितने साल जीये यह मायने नहीं रखता, बल्कि इन सालों में आपने कितनी जिंदगी जी, यह मायने रखता है। इसलिये बहनों हमें अपने जीवन के पल-पल को जीना और सार्थक करना है। संस्कृत के सूत्र 'चरैवेति-चरैवेति' को आत्मसात करते हुए सार्थक जीवन हेतु आत्म-चिन्तन, स्व-मूल्यांकन और स्वयं के लिए जीवन लक्ष्यों का निर्धारण करें। सिर्फ काम करने और कुछ अच्छा काम करने में बहुत अंतर है। अधिकतर समय हम बहनें ऐसे काम को करने में लगी रहती है, जिनसें हमें हमारे लक्ष्य एवं मंजिल कभी हासिल नहीं हो सकते। हम सिर्फ अपना अमुल्य समय बर्बाद कर रह होते हैं। अपने आप से पूछो, क्या यह काम अगले पांच साल में मायने रखेगा? यह एक अच्छा सवाल है। इससे आपको समय खपाने वाले साधारण काम और ऐसे काम, जिनका असर जिंदगी, आपके जीवन की मूल्यवता पर पड़ने वाला है, इसमें अंतर का पता चल सकेगा।

यह कतई जरूरी नहीं है कि आपको हर विषय के बारे में जानकारी हो। आपका सर्वाधिकार है कि आप उन चीजों पर ध्यान दें, जो आपकी नजर में महत्वपूर्ण हैं। जिंदगी के मायने सभी के लिए अलग हैं। उसे जीने के अंदाज भी सबके अपने-अपने हैं। कोई एक ही चीज सबको खुशी देगी या फिर हमेशा खुश रखेगी, नहीं कहा जा सकता। पर अच्छी जिंदगी के लिए कुछ बातों को जरूर याद रखा जा सकता है, जैसे कि- कोई राय ना बनाएं। काम ज्यादा करें। बड़े सपने देखें। खूब हंसें और ये महसूस करते रहें कि आप कितनी खुशकिस्मत हैं। जीवन में बहुत कुछ ऐसा होता है, जिसके लिए शुक्रिया कहा जा सकता है। आभार है हर उस रात का, जो सुबह का सूरज साथ लाती है। उन दोस्तों का, जो धीरे-धीरे परिवार बन जाते हैं और उन सपनों का भी, जो सच में बदल जाते हैं।

जनवरी माह में संकल्पों एवं कार्यक्रमों की श्रृंखला में अपनी कड़ी जोड़ते हुए केन्द्र द्वारा निदेर्शित कार्य सम्पादित करें। करणीय कार्य भी इसी नारीलोक में संप्रेषित है। समस्त शाखा मण्डल करणीय कार्यों में अपना श्रम नियोजित करते हुए मंडल की गरिमा एवं प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि करें। पुनः नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ आप सभी के सहयोग, सहभागिता एवं सक्रियता की अपेक्षा रखते हुए....

नयी भोर की नयी सुबह, कर गयी सृजन के हस्ताक्षर।
अमृत की हर बूंद दे गयी, जीवन का वह सुखाक्षर।।

स्नेहाकांक्षी
सुमन नाहटा

उषा

भिक्षुगाथा

अपराजेय व्यक्तित्वः महान चर्चावादी

स्वामीजी केवल आकर्षण के केन्द्र ही नहीं थे, बल्कि कुछ व्यक्तियों के लिए विभीषिका के केन्द्र भी थे। उनके विरोधी सदैव उनसे घबराते थे। उनके साथ चर्चा करने का साहस कर पाना उन सबके लिए बहुत कठिन था। चर्चा में जीतने का तो किसी को स्वप्न भी शायद ही आया हो।

धर्म चर्चा करने की उनकी क्षमता सदा मार्गदर्शन देने वाली थी। तत्व जिज्ञासु उन्हें कभी भूल नहीं सकते। उनके विषय में मुनि वेणीरामजी ने यह बिल्कुल उपयुक्त कहा हैः

हिवै सोध्यां तो पावै नहीं रे, भिक्खु सरीखा साध।
करड़ो काम पड़सी चर्चा तणो रे, तिण वेलां आवसी याद।।

स्वामीजी का किसी व्यक्ति को समझाने का तरीका भी अपना पृथक ही था। बहुत सी बातो को दृष्टान्त देकर इतने सरल ढंग से समझा देते कि लोग आश्चर्यचकित रह जाते। कुछ व्यक्ति शास्त्रीय चर्चा करने आते तो वे उन्हें शास्त्रीय ढंग से ही उत्तर देते। किसी प्रसंग पर उनसे एक बार चर्चा कर लेने मात्र से समाज के दूसरे व्यक्तियों में उनका स्तर ऊंचा माना जाने लगता था।

वस्तुतः स्वामीजी का व्यक्तित्व पूर्णतः अपराजेय था।

आचार्य श्री महाश्रमण जी वाणी

जीवन के दो पहलू

भौतिक और आध्यात्मिक-इन दो पहलूओं के आधार पर पोषण (जीवन का पोषक तत्व) भी दो प्रकार का हो जाता है- भौतिक पोषण और आध्यत्मिक पोषण। इन दोनों प्रकार के पोषणों की सम्यक् पूर्ति स्वस्थ जीवन के लिए अपेक्षित है। आदमी रोटी, पानी आदि के द्वारा भौतिक पोषण प्राप्त करता है, शारीरिक बल प्रमुखतया अर्जित करता है। यह जीवन का एक पक्ष है। इस पक्ष का संबंध इस (वर्तमान जन्म के) जीवन तक सीमित है।

जीवन का दुसरा पक्ष है आध्यात्मिक। इसका संबंध मानसिक शांति, चित्त समाधि, सहज प्रसन्नता, परम आनन्द और आत्मशुद्धि के साथ है। यह पक्ष केवल वर्तमान जीवन तक ही सीमित नहीं है। इस जीवन की समाप्ति के बाद भी यह पक्ष अपना प्रभाव बनाए रखता है। भौतिक पक्ष जीवन की अनिवार्यता है, किन्तु अध्यात्म शून्य भौतिकता अशांति भी पैदा कर सकती है, इसलिए कम से कम दोनों में संतुलन तो स्थापित होना ही चाहिए।

आध्यात्मिक पक्ष को पोषण प्रदान करने के लिए उन उपक्रमों की अपेक्षा रहती है जो हमारे कषाय कों नियन्त्रित, उपशान्त या निर्जीर्ण करने वाले हों। एक शब्द में उन उपक्रमों को 'धर्म' संज्ञा दी जा सकती है।

साभारः धर्म है उत्कृष्ट मंगल

प्रमुखा श्री जी संदेश

आचार्य श्री तुलसी की तेजस्विता

आचार्य श्री तुलसी का संन्यास तेजस्वी संन्यास था। उन्होंने तेजस्वी जीवन जीया और अपने धर्मसंघ को तेजस्वी बनाया। अणुव्रत, प्रेक्षाध्यान और जीवन विज्ञान जैसे अवदान देकर मानव-मानव को तेजस्वी बनाने का प्रयत्न किया, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का सपना देखा। उन्होंने अनुभव किया समाज में कुरूढ़ियों की जड़े बहुत गहरी हैं। उन्हें उखाड़ना तो दूर, हिलाना भी कठिन है। उन विषम परिस्थितियों में आचार्य श्री तुलसी ने 'नया मोड' का अभियान चलाया। उस समय कुछ महिलाओं ने आचार्यवर के चिन्तन को आकार देने का प्रयास किया। परिणामस्वरूप पर्दा उठा, बाल विवाह का क्रम बदला, विधवा महिलाओं के संदर्भ में अवधारणा बदली। निरक्षर महिलाएं साक्षर बनने लगी।

जैसे जांबवंत ने हनुमान की शक्ति को जागृत किया वैस ही आचार्य श्री तुलसी ने महिलाओं में छिपी असीम संभावनाओं को उजागर किया। उन्हीं के आशीर्वाद और अनुग्रह की निष्पति है अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, जो वर्तमान में परमपूज्य आचार्य महाश्रमणजी के नेतृत्व में अनवरत विकास की नई उडानें भर रहा है।

साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

नवमाचार्य आचार्य श्री तुलसी दीक्षा दिवस
के 100 वर्ष परिसम्पन्नता के उपलक्ष्य में
नौ विधाओं से महिला समाज
की ओर से श्रद्धासिक्त
अभ्यर्थना

1 नौ घण्टे का जाप | 2 उपवास | 3 आयंबिल | 4 मौन

5 ऑनलाइन क्विज़ | 6 स्लोगन प्रतियोगिता | 7 आ. तुलसी स्केच | 8 पुस्तक भेंट | 9 तुलसी अष्टकम् कण्ठस्थ

नौ घण्टे जाप
258 क्षेत्र
9240 व्यक्ति

उपवास
226 क्षेत्र
2503 व्यक्ति

आयंबिल
169 क्षेत्र
1370 व्यक्ति

मौन
218 क्षेत्र
3212 व्यक्ति

तुलसी अष्टकम्
149 कण्ठस्थ क्षेत्र
3373 व्यक्ति

स्लोगन
178 सृजन क्षेत्र
1380 व्यक्ति

आचार्य तुलसी स्केच
155 क्षेत्र
458 व्यक्ति

साहित्य भेंट
122 क्षेत्र
304 व्यक्ति

ऑनलाइन क्विज
1054 व्यक्ति

देश विदेश की विभिन्न
भाषाओं में
आचार्य तुलसी को वन्दन

आचार्य तुलसी
पर आधारित धर्मचक्र का प्रवर्तन
पुस्तक देश के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भेंट

तुलसी प्रबोध
पर गूगल फॉर्म
द्वारा आयोजित क्विज

संयोजिका
श्रीमती निधि सेखानी

सह–संयोजिका
स्केच/स्लोगन
श्रीमती अनिता बरड़िया

सह–संयोजिका
पुस्तक भेंट/कण्ठस्थ
श्रीमती श्रेया बाफना

सह–संयोजिका
जाप/उपवास/आयंबिल/मौन
श्रीमती मनीषा बोथरा

सह–संयोजिका
ऑनलाइन क्विज
श्रीमती संतोष वेदमुथा

निर्णायक : स्लोगन : श्रीमती सुनीता जैन स्केच : श्रीमती वीणा बैद

"श्रद्धा"
-गुरु ने की अमृत वर्षा

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रद्धा विराट महिला सम्मेलन के दूसरे दिन का अंतिम सत्र ज्ञानाराधक परमपूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आचार्यश्री ने बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि "परम पूज्य गुरुदेव तुलसी के समय में यह महिला मंडल संस्था शुरू हुई। सक्रियता की लौ प्रतीत हो रही है। बहुत अच्छी संस्था है। कोई अच्छा काम दिया जाए तो काम करने वालों में काफ़ी अच्छा उत्साह, काफ़ी सक्रियता दिखाई दे रही है। स्व-चिंतित कार्यक्रम मिलते रहे तो महिला मंडल से काफ़ी आशा है। अच्छे ढंग से काफ़ी काम संचालित किया जा सकता है। क्षमता अनुमानित हो रही है। अच्छा काम क्रियान्वित करने के लिए सामर्थ्य महिला मंडल में है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का यह जो बीच का सम्मेलन है जो कि विराट सम्मेलन हो गया- छोटे गाँवों में इतना बड़ा समागम श्राविकाओं का जो हुआ है, इतना बड़ा सम्मेलन हुआ है।"

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा ने गणाधिपति पूज्य गुरुदेव तुलसी के दीक्षा शताब्दी वर्ष के अवसर पर नौ दीपों की श्रद्धा-भेंट गुरु चरणों में समर्पित की तथा सम्मेलन का संक्षिप्त परिचय देते हुए योगक्षेम वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी निवेदित की।

मुख्य मुनिश्रीजी के गीत से वातावरण भक्तिमय हो उठा। साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी ने महिलाओं की कर्मजा शक्ति की सराहना करते हुए मंडल के कार्यों को प्रेरणादायी बताया, वहीं साध्वीवर्याजी ने सही श्रद्धा की पहचान और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

श्रद्धा:
विराट महिला सम्मेलन-सिरियारी

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल सिरियारी द्वारा आयोजित "श्रद्धा" विराट महिला सम्मेलन, सिरियारी में श्रद्धा, संस्कार, संस्कृति और नारी-शक्ति का प्रेरणादायी संगम बना। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा, प्रधान ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा एवं महामंत्री श्रीमती रचना हिरण द्वारा ध्वजारोहण कर सम्मेलन का गरिमामय शुभारंभ हुआ।

प्रथम सत्र–"श्रद्धा : हमारी ताक़त" में महामंत्रोच्चारण, मंगलाचरण और प्रेरणादायी उद्बोधनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसी सत्र में राजस्थान की माननीय उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी जी के प्रेरक संदेश ने नारी-शक्ति, संस्कार और मूल्यों के महत्त्व को रेखांकित किया।

द्वितीय सत्र – "श्रद्धा की लहर" में देशभर की शाखा मंडलों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रद्धा की भावना को और सशक्त किया।

तृतीय सत्र – "भिक्षु म्यूज़ियोरामा" श्रद्धा, कला और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम रहा, जिसमें आचार्य श्री भिक्षु के जीवन प्रसंगों की सजीव प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।

चतुर्थ सत्र – "श्रद्धा समर्पण" में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीतमय भावों ने आयोजन को भावनात्मक ऊँचाई दी।पंचम सत्र "श्रद्धा की अनुगूंज" के अंतर्गत 17 दिसंबर की रात्रि 11 से 12 बजे तक भिक्षु समाधि स्थल पर सामूहिक जाप कर भिक्षु स्वामी की आध्यात्मिक ऊर्जा को आत्मसात किया गया।

षष्टम् सत्र – "श्रद्धा के रंग, विश्वास के संग" के मुख्य अतिथि एवं वक्ता कोच भूपेंद्र सिंह राठौड़ (BSR) रहे। अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में उन्होंने जीवन को सहजता से स्वीकार करने, सोच में सकारात्मक परिवर्तन, अपरिग्रह के महत्त्व, संकल्प-शक्ति और रिश्तों की गहराई पर सरल शब्दों में मार्गदर्शन दिया। 'मैं स्वस्थ हूँ' जैसी अनुप्रेक्षा के माध्यम से उन्होंने बहनों में आत्मविश्वास और सकारात्मकता का संचार किया।

लोकप्रिय अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन को आचार्य भिक्षु त्रिशताब्दी मोमेंटो भेंट

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने अपने संगठन की गरिमा, आध्यात्मिक दृष्टि और अदम्य संगठन-शक्ति को राष्ट्रीय पटल पर नए आयाम देते हुए कौन बनेगा करोड़पति के प्रतिष्ठित मंच पर एक ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज करवाई। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती रचना हिरण ने आदरणीय अमिताभ बच्चन जी से भेंट कर तेरापंथ की दिव्य परंपरा और सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान की सारगर्भित प्रस्तुति दी।

उन्होंने अमिताभ जी के समक्ष आचार्य भिक्षु के त्रिशताब्दी वर्ष की, तेरापंथ की मूल्य-समृद्ध विरासत तथा आचार्य महाश्रमण जी की ऐतिहासिक अहिंसा यात्रा, जिसने पूरे विश्व में शांति, नैतिकता और सद्भाव का संदेश पहुँचाया, का व्यापक परिचय कराया।

संगठन की ओर से प्रेरणा-चिन्ह के रूप में एक सुंदर मोमेंटो भेंट किया गया, जिसमें अमिताभ बच्चन जी के व्यक्तित्व को दर्शाते हुए कविता, तेरापंथ की परंपरा, अनुशासन और सेवा-समर्पण की झलक अंकित थी।

अमिताभ बच्चन जी ने महिला मंडल की गतिविधियों, सामाजिक सेवा संकल्प और मूल्य-आधारित कार्यशैली की सराहना करते हुए आत्मीय संवाद किया। उनका विनम्र व्यवहार और प्रोत्साहनपूर्ण शब्द वहाँ उपस्थित हर प्रतिनिधि के लिए अविस्मरणीय रहे।

इस सौभाग्यपूर्ण क्षण ने न केवल तेरापंथ महिला मंडल की गौरव गाथा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर तेरापंथ की पहचान, उसके आध्यात्मिक संदेश और महिला शक्ति के योगदान को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं।

निश्चय ही यह ऐतिहासिक मिलन तेरापंथ महिला मंडल के आत्मविश्वास, सक्रियता और प्रगति की दिशा को और अधिक प्रकाशित करता रहेगा।

महिला मंडल-करणीय कार्य

मर्यादा महोत्सव - मर्यादा क्वेस्ट प्रतियोगिता

तेरापंथ धर्मसंघ द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस बार भी जनवरी माह में मर्यादा महोत्सव मनाया जा रहा है। इस माह सभी शाखा मंडलों को अपने क्षेत्रों में मर्यादा क्वेस्ट के रूप में एक प्रतियोगिता का आयोजन करना है।

"मर्यादा क्वेस्ट- चलो खोजें मर्यादा का मर्म"

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है- तेरापंथ की मर्यादाओं को केवल नियम के रूप में नहीं, बल्कि जीवन साधना और जागरूकता के मार्ग के रूप में समझना और आत्मसात करना।

आयोजन का स्वरूप :

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला मंडल टीम 3 से 5 सदस्यों की होगी। प्रतियोगिता को पाँच रचनात्मक राउंड्स में विभाजित किया गया है।

Round 1: "मैं कौन सी मर्यादा हूँ"

संकेतों और पहेलिओं के माध्यम से मर्यादा की पहचान।

Round 2: "मर्यादा पत्र क्विज़"

तेरापंथ धर्मसंघ की मर्यादाओं, मर्यादा पत्र और उसके मूल उद्देश्यों पर आधारित प्रश्नोत्तर।

Round 3: "मर्यादा परिस्थितियों में"

आधुनिक जीवन की परिस्थितियों में मर्यादा का पालन कैसे करें?- इस विषय पर प्रश्नोत्तर सत्र।

Round 4: "मर्यादा का मनन"

टीम के सदस्य अपने व्यक्तिगत अनुभव या प्रेरक प्रसंग साझा करेंगे, जहाँ उन्हें मर्यादा ने दिशा दी। अथवा मर्यादा का सार एक मिनट की रचनात्मक प्रस्तुति (कविता, स्लोगन, आदि) के रूप में भी किया जा सकता है।

संदर्भ सामग्री:

मर्यादा पत्र, श्रावक निष्ठा पत्र, श्रावक दिशा निर्देशिका आदि का उपयोग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए किया जा सकता है। प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक प्रश्न, नियम और सामग्री निर्धारित तिथि पर प्रत्येक क्षेत्रीय महिला मंडल को उपलब्ध करा दी जाएगी।

मुख्य उद्देश्य:

मर्यादा महोत्सव के अवसर पर संघ की पवित्र परंपराओं को नव रूप में अनुभव करना, महिलाओं में मर्यादा-बोध, सृजनशीलता और संघनिष्ठा को सशक्त बनाना।

WORLD CANCER DAY

विश्व कैंसर दिवस, 4 फ़रवरी 2025 के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के मार्गदर्शन में देशभर के सभी क्षेत्रीय महिला मंडलों **PAP SMEAR TEST CAMP** आयोजित करें। इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल में हमें एशिया के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुंडलिया जी एवं **BLK Hospital, New Delhi** का अमूल्य सहयोग प्राप्त हो रहा है।

PAP SMEAR TEST हेतु आवश्यक टेस्ट फॉर्म एवं टारगेट फॉर्म की प्रतियाँ नीचे साझा की जा रही हैं, जिनका PDF शीघ्र ही आप सभी को प्रेषित किया जाएगा। सभी शाखा मंडलों से अनुरोध है कि इन फॉर्म की प्रतियाँ निकलवाकर अपने-अपने क्षेत्र में समय रहते वितरित करें तथा निर्धारित तिथि तक अपनी मंडल की बहनों से फॉर्म भरवाकर क्षेत्रीय संयोजिकाओं को भेजना सुनिश्चित करें।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित
विश्व कैंसर दिवस (4फरवरी)

TESTING FORM

शाखा का नामः _____ दिनांकः _____

क्षेत्रीय अध्यक्ष का नामः _____ फोन नंबरः _____

जाँच कराने वाली का नामः _____ फोन नंबरः _____

मैंने विश्व कैंसर दिवस(4 फरवरी) पर आयोजित पेप स्मियर टेस्ट _____
(अस्पताल नर्सिंग होम भवन) में करवाया है।

हस्ताक्षर

जाँच कराने वाली के _____ अध्यक्ष _____ मंत्री _____

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित
विश्व कैंसर दिवस (4फरवरी)

TARGET FORM

शाखा का नामः _____ दिनांकः _____

क्षेत्रीय अध्यक्ष का नामः _____ फोन नंबरः _____

हमारे क्षेत्र से कुल _____ बहनों ने पेप स्मियर टेस्ट हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

हस्ताक्षर

अध्यक्ष _____ मंत्री _____

मुख्य संयोजिका

श्रीमति नीतू पटावरी 98180 98013

संयोजिका

श्रीमति प्रीति घोषल 88004 46397

श्रीमति अर्चना भंडारी 98100 11500

♦ युवती विभाग-करणीय कार्य ♦

PROUD TO BE TERAPANTHI

नव वर्ष की नव शुरुआत-एक नए संकल्प के साथ।

बहनों, महिला मंडल की प्रत्येक गतिविधि में आपका पूर्ण सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इसी सहयोग के बल पर अखिल भारतीय महिला मंडल इस माह आप सभी के लिए कुछ विशेष, कुछ सार्थक और कुछ अलग लेकर आ रहा है। इस महीने हम सभी मिलकर एक छोटा, किंतु अत्यंत प्रभावशाली कार्य करने जा रहे हैं।

हम रोज़ फोन पर बात करते हैं, परंतु इस पूरे जनवरी महीने में आप जब भी आप फोन उठाएँ, तो "जय जिनेन्द्र" के साथ गर्व और सकारात्मक भाव से यह वाक्य अवश्य कहें- "तेरापंथी होने पर मुझे गर्व है।" आपकी वाणी से निकले ये शब्द केवल अभिवादन नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कार और संगठन की शक्ति को सामने वाले तक पहुँचाने का माध्यम बनेंगे। साथ ही इस पूरे महीने आप अपने Dp पर 'PROUDLY TERAPANTHI' लगाकर अपनी पहचान पर गर्व व्यक्त करे।

आइए, नव वर्ष में नई सोच, नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

चित्र - चिंतन

Google Form Link:
https://forms.gle/BoitRz1ZzAKp6ryZ6

जो विचारों को करे प्रवाहमान , वो चित्र बनता है यन्त्र,
और बन जाता है , अभिव्यक्ति का सशक्त तन्त्र,
अभिव्यक्ति के स्वर , जब बन जायें प्रेरणा स्वयं,
तो वही एक अदना सा चित्र, बन जाता है मूल मन्त्र।

संलग्न गूगल फॉर्म लिंक के द्वारा चित्र को देखें और नारी की अनन्त भूमिकाओं में से आप स्वयं को किस भूमिका में सर्वाधिक देखना पसन्द करती हैं , 8-10 कव्यात्मक पंक्तियों में अभिव्यक्त करें।

सूचना:-

- प्रस्तुति भेजने की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 है।
- शब्द सीमा 100 शब्द।
- प्रविष्टियां Google Form के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी।
- यह प्रतियोगिता 45 वर्ष और उससे कम की उम्र की बहनों के चिन्तन और लेखन के सामर्थ्य को और अधिक उर्वर बनाने हेतु किया जा रहा एक लघु प्रयास है।

अतिरिक्त जानकारी हेतु कृपया चित्र चिंतन प्रतियोगिता संयोजिका श्रीमती शिल्पा बैद से 98113 31163 पर WhatsApp के माध्यम से सम्पर्क करें।

दिसम्बर माह की प्रतियोगिताओं के विजेता रहें:

महिला मंडल QUIZ

Total 1398 Responses

1. प्रियंका छाजेड़ (नोखा)
2. अंशु जैन (किशनगंज)
3. गीता गन्ना (यशवंतपुर)
4. बनिता गोलचा (पूर्वी दिल्ली)
5. सपना सुराणा (हसन)
6. प्रियंका जैन (इरोड)
7. लता दक (चलथान)
8. डिम्पल (चिखली)
9. सुनीता बेताला (छोटी खाटू)
10. संतोष जैन (नोएडा)

कन्या मंडल QUIZ

Total 416 Responses

1. स्नेहा संकलेचा (अहमदाबाद)
2. स्नेहा मनोत (कांकरिया)
3. अनिका चोपड़ा (शाहीबाग)
4. पिंकी जैन (नोखा)
5. दृष्टि संघवी (भुज)
6. मुस्कान सुराणा (बीकानेर)
7. ऋतु सांड (कालू)
8. सिद्धि मेहता (भुज)
9. सलोनी कोठारी (किशनगढ़)
10. साक्षी घोषल (राजलदेसर)

युवती विभाग - चित्र चिंतन QUIZ

Total 673 Responses

1. अमिता बाबेल (भीलवाड़ा)
2. अंकिता बोहरा (दहिसर)
3. बेला एम. डांगी (चेंबूर)
4. दीपिका गिड़िया (आर आर नगर)
5. मोना बोथरा (सूरत)
6. नीतू राखेचा (तेज़पुर)
7. पूजा भुतोड़िया (लाडनूं)
8. प्रियंका अंचालिया (नागपुर)
9. रचना पटावरी (तिरुपुर)
10. स्वीटी दक (नंजनगुड)

विजेताओं को बहुत-बहुत बधाईयां।

सभी विजेताओं से निवेदन है कि कृपया अपना पता संबंधित संयोजिकाओं को WhatsApp कर दें।

आरोहण

By the girls, for the spirit within

प्यारी बेटियों, सस्नेह जय जिनेन्द्र!

प्रकृति का नियम है परिवर्तन। कैलेंडर बदल रहा है। नया सूर्य नए वर्ष की अगवानी करने को तैयार है। नए जोश और नए संकल्पों के साथ हम नव वर्ष में प्रवेश करें और अवलोकन करें कि 2025 में जो लक्ष्य निर्धारित किए उनको पाया या नहीं। अगर नहीं तो पुनः प्रयास करें अपनी लक्षित मंजिल को पाने की। जनवरी माह में गणतंत्र दिवस और तेरापंथ धर्मसंघ का मर्यादा महोत्सव दोनों है। मर्यादा और अनुशासन में रहकर न्याय पूर्ण तरीके से जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। बेटियों ! अनुशासन और मर्यादा आप सभी के जीवन के विकास का आधार बने यही शुभाषंसा करते हैं।

कन्या मंडल संयोजिका	कन्या मंडल सह संयोजिका	अंतरराष्ट्रीय सह संयोजिका
श्रीमती हेमा चौरडिया	श्रीमती जयश्री जोगड	सुश्री जागृति छाजेड, काठमांडू
98102 81155	90282 84801	+977 98186 78503

कन्या मंडल – करणीय कार्य

New Year Resolution

- I am proud to be a Terapanthi - Lets click it in our hearts once a day.
- Lets listen to audio and complete the SEP simple course (Less than an hour per module)

उपनिषद : अंतिम चरण

- दादा, दादी, नाना, नानी को भवन में आमंत्रित करें।
- जो फोटो आपने द्वितीय चरण में खींचे थे, वो फ्रेम करवाकर उन्हें गिफ्ट करें।
- Grand parents को आपके साथ कैसा लगा, उनके अनुभव सुने।
- उनके साथ मनोरंजनात्मक खेल, अंताक्षरी आदि खेले।

Membership Drive

- नए सदस्यों का स्वागत और परिचय सत्र रखें।
- कन्या मंडल से सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए नए सदस्यों को प्रेरित करें।

तुलसी अष्टकम

- प्रथम दो पद्य का सुचारू रूप से पुनरावर्तन करें।

संक्षिप्त रिपोर्ट

उपनिषद (Part 1 वीडियो प्रोजेक्ट)- इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 294 वीडियो प्राप्त हुईं। कन्याओं में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला।

Zoom Meet- 6 दिसंबर इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य कन्याओं के मनोभाव जानना था। कन्याओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने अनुभव साझा किए और उपनिषद प्रोजेक्ट की भूरी - भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि इस मंच से जुड़कर मंच संचालन, बोलने की कला और प्रस्तुति में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इस मीटिंग में 300+ कन्याओं की उपस्थिति रही।

Digital Detox (Twitter Competition)- कन्याओं ने नए ट्विटर अकाउंट बनाकर अपनी सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में कुल 130+ प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जो रचनात्मकता और वैचारिक स्पष्टता से भरपूर थीं।

आचार्य श्री तुलसी जीवन वृत्त पेंटिंग प्रतियोगिता- इस विषय पर कुल 185 पेंटिंग्स प्राप्त हुईं, जिनमें कन्याओं की कलात्मक प्रतिभा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

प्रेरक प्रसंग

♦ WORK ON INSIDE, OUTSIDE WILL CHANGE ♦

एक 6 साल का बच्चा सड़क के किनारे गुब्बारे बेचने वाले के पास जाता है। उसने गुब्बारे वाले से कहा, ''अंकल, मुझे ऊपर जाने वाला **balloon** चाहिए।'' तब उस गुब्बारे वाले भैया ने उस बच्चे को एक लाल रंग का गुब्बारा दिया। बच्चे ने पूछा, ''क्या ये **balloon** ऊपर जाएगा?''

गुब्बारे वाला- ''हाँ ये जायेगा।'' बच्चा- ''तो क्या अंकल ये **Blue** वाला नहीं जाएगा?'' गुब्बारे वाला- ''हाँ ये भी जायेगा।''

इस तरह बच्चा अलग-अलग रंगो के गुब्बारे के बारे में प्रश्न करता रहा। तब अंत में गुब्बारे वाले ने बच्चे से कहा- ''बेटा कोई भी गुब्बारा अपने रंग के कारण ऊपर नहीं उड़ता। वो उड़ता है उसके अन्दर भरी हुई गैस के कारण। वो गैस इन गुब्बारो को ऊपर और ऊपर ले जाने का काम करती है।''

ठीक इसी प्रकार हम सभी इन अलग-अलग रंगो के गुब्बारो के समान है। सब में अलग प्रतिभा, क्षमता, संस्कार, विचार है। सबके पास अवसर अलग है। सबकी अलग चुनौतियां है। हम सभी अलग है।

परंतु वे सभी व्यक्ति जिन्होने एक मुकाम हासिल किया हो उन्होने अवसर, प्रतिभा, क्षमता, या चुनौतियों के आधार पर नहीं, परंतु अपने सही संस्कार, सही विचार, सही सोच (सम्यक् ज्ञान) अर्थात सही गैस के आधार पर ऊचाईयों को छुआ है।

बोध - **It's not your APTITUDE but your ATTITUDE that decides your ALTITUDE in Life.**

♦ तेरापंथ की विलक्षण श्राविका ♦

मोखजी खिमेसरा की माताश्री

उदयपुर निवासी मोखजी खिमेसरा की मां श्रद्धाशील और विवेक-सम्पन्न श्राविका थी। वह साधु-साध्वियों की मां थी। बच्चों को धार्मिक संस्कार देने की दृष्टि से वह मनोवैज्ञानिक प्रयोग करती थी। उसके पुत्र मोखजी माता के परम भक्त थे, पर साधु- साध्वियों के पास जाने में संकोच करते थे। एक बार उदयपुर में सन्तों का चातुर्मास था। मोखजी को उनकी मां ने अनेक बार दर्शन करने की प्रेरणा दी। पर वे टालते गए। चातुर्मास के पन्द्रह दिन शेष रहे। उस समय मां ने फिर कहा। इस पर मोखजी बोल- ''मां! मेरी जगह तुम ही जाया करो।'' इस बात से मां के मन को आघात लगा।

मां ने कहा- ''तू जब तक सन्तों के दर्शन नहीं करेगा, मैं तुझसे बात नहीं करूंगी।'' मोखजी ने इस बात को विनोद में लिया। उनका भ्रम तब टूटा जब दिनभर कई बार अपेक्षा होने पर भी मां नहीं बोली। मोखजी ने मां को मनाते हुए कहा- ''मां! मैं अब दर्शन कर लूंगा, तुम बात करो।'' पर मां नहीं बोली। सन्तों के पास नहीं जाने का और कोई कारण नहीं था, उनके अपने मन का संकोच था। उस दिन उन्होंने संकोच छोड़कर सन्तों के दर्शन किए, उनसे बातचीत की और प्रतिदिन दर्शन करने का संकल्प स्वीकार किया। मां का अभिग्रह पूरा हो गया।

♦ संस्था संविधान ♦

सदस्यों के अधिकारः

1. सदस्यों को साधारण सदन में मत देने का अधिकार होगा।
2. सदस्यों को साधारण सदन में संस्था से संबंधित कोई प्रस्ताव लाने का अधिकार होगा।
3. यदि सदस्य सदन में विचारार्थ कोई प्रस्ताव लाना चाहते हैं तो इसकी सूचना लिखित रूप में सदन की कार्यवाही शुरू होने से कम से कम 48 घण्टे पूर्व अध्यक्ष या मंत्री को देनी होगी। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक के समय भी प्रस्ताव रखे जा सकेंगे।
   प्रस्ताव लाने वाले सदस्य को प्रस्ताव लाने हेतु 51 सदस्यों या कुल सदस्य संख्या के 10 प्रतिशत सदस्यों (जो भी कम होगा) की सहमति आवश्यक होगी।
   प्रस्ताव बहुमत से पारित होगा।

श्रावक संदेशिका

संघीय संस्थाओं की सदस्यताः

1. कोई भी व्यक्ति अपने मूल निवास स्थान व प्रवास स्थान की शाखा का ही सदस्य बन सकेगा।
2. यदि किसी व्यक्ति के अनेक प्रवास स्थान हो तो वह किसी एक ही प्रवास स्थान की संघीय संस्थाओं का सदस्य बन सकता है।

संस्थागत सामान्य दिशा निर्देशः

1. कोई भी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य अपने मनोनयन के एक माह के अंदर स्वीकृति पत्र भेजने का प्रयास करें।
2. अ.भा.ते.म.मं. द्वारा निर्देशित समय सीमा में ही शाखा मंडल चुनाव मनाव की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं।

आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना

तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन

आचार्य भिक्षु रचित 'अनुकंपा की चौपाई' में लिखा गया है - जिसने सावद्य और निरवद्य अनुकंपा को पहचान लिया उसने जैन धर्म में सम्यक्त्व रूपी रत्न को पहचान लिया। इसी सम्यक्त्व रूपी रत्न की प्राप्ति के लिए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम की परीक्षाएं दिनांक 17 व 20 दिसंबर 2025 को सानंद संपन्न हुईं।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन जी नाहटा के सक्षम नेतृत्व में लगभग 98 परीक्षा केन्द्रों में तत्त्वज्ञान व तेरापंथ दर्शन की परीक्षाओं का आयोजन हुआ।

लगभग 674 परीक्षार्थी भाई-बहनों ने इन परीक्षाओं में भाग लिया और लगभग 21 चरित्रात्माओं की भी इसमें सहभागिता रही। इस वर्ष विदेश (USA) के 13 परीक्षार्थी भी निर्जरा के इस महनीय उपक्रम में सहभागी बने।

इस उपक्रम को सफल बनाने में निदेशक श्रीमती पुष्पा बैंगानी, तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती कुसुम बैंगानी, प्रबुद्ध श्रावक श्रीमान सुशील बाफना, श्रीमती मनीषा सेठिया, श्रीमती नवीन पींचा, श्रीमती पूनम बैद की अहम भूमिका रही।

महामंत्री श्रीमती रचना हिरण एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बहनें व व्यवस्थापिका बहनों ने पूर्ण जागरूकता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। आभार की श्रृंखला में सभी प्रशिक्षिकाओं के प्रति कृतज्ञता आप सभी के सहयोग से ही यह कार्य सफल हुआ है। आर्थिक सौजन्य हेतु विशेष आभार तत्त्वज्ञ श्राविका स्व. श्रीमती रतनी देवी गोठी, श्रीमान सुमति जी-सुमन जी, श्रीमान योगेंद्र जी-नीलम जी गोठी परिवार के प्रति।

जैन स्कॉलर

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत जैन स्कॉलर परियोजना के पांचवे बैच के दूसरे सत्र का शुभारंभ शासन गौरव साध्वी श्री कल्पलता जी के मंगल पाठ से अमूल्यम गेस्ट हाउस लाड़नूं में प्रारंभ हुआ।

दिनांक 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में प्रथम दो दिन पूर्व में पढ़ाए गए अध्ययन की परीक्षा हुई और बाद में आगे के सत्र के लिए अध्ययन करवाया गया। प्राकृत का प्रशिक्षण सुमणी संगीत प्रज्ञा जी एवं श्रीमान राजू जी दुगड़ द्वारा दिया गया। कर्म मीमांसा एवं ज्ञान मीमांसा का प्रशिक्षण निर्देशिका डॉ मंजू जी नाहटा, श्रीमान विकास जी गर्ग एवं संस्कृत का प्रशिक्षण श्रीमती सुषमा जी आंचलिया, श्रीमान कमलेश जी जैन द्वारा दिया गया। सहनिर्देशिका - चीफ ट्रस्टी श्रीमती कनक जी बरमेचा ने अध्यापन संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को संपादित किया।

सहयोगी प्रशिक्षक श्रीमती नवीन जी पिंचा, श्रीमती शालिनी जी सेठिया, श्रीमती प्रियंका जी सिंघी का पूरा सहयोग रहा। 37 स्कॉलर्स की सराहनीय उपस्थिति रही। संयोजिका श्रीमती सुनीता जी डूंगरवाल, सहसंयोजिका श्रीमती सुमन जी नाहटा के द्वारा सभी व्यवस्थाएँ कुशलतापूर्वक सम्पन्न की गई। स्कॉलर्स को आगे भी इस ज्ञान यात्रा को जारी रखने के विभिन्न तरीक़े बताए गए।

सभी साधु-साध्वियों ने स्कॉलर्स को निरंतर उपयोगी बने रहने की प्रेरणा दी तथा उनके सेवा-दर्शन से सभी को लाभ प्राप्त हुआ। जैन स्कॉलर योजना को आर्थिक रूप से मज़बूत करने के लिए इस कार्यक्रम के प्रायोजक श्रीमान मदन जी - प्रकाश देवी, श्रीमान महेंद्र जी - कांता देवी तातेड़ धानीन, मुंबई का बहुत बहुत आभार।

योगक्षेम वर्ष 2026-2027

♦ प्रज्ञा पाथेय-साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यशाला ♦

योगक्षेम वर्ष के अंतर्गत फ़रवरी माह से प्रारंभ होने वाली साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यशालाओं के क्रम में मार्च माह में भी चयनित बहनों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। देशभर की 527 शाखाओं को सुव्यवस्थित रूप से विभाजित करते हुए, प्रत्येक सप्ताह 10 क्षेत्रों से 3-3 बहनों का एक समूह इस प्रशिक्षण में सहभागी होगा। प्रातःकाल से सायंकाल तक चलने वाले इन सत्रों में योग, प्रेक्षाध्यान, तत्वज्ञान आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पूज्य प्रवर, साध्वी प्रमुखा जी, मुख्य मुनि प्रवर एवं साध्वीवर्या जी का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

मार्च माह की सूची:

1 MARCH TO 7 MARCH 2026

KARNATKA	GANDHINAGAR	LAXMI BOHARA	9886115497
KARNATKA	HANUMANTHNAGAR	SANGITA TATER	9341919698
KARNATKA	RAJAJINAGAR	SUNITHA KOTHARI	9886088573
KARNATKA	RAJARAJESHWARINAGAR	MANJU BOTHRA	7676632239
KARNATKA	T. DASARAHALLI	GEETHA BABEL	9741556204
KARNATKA	VIJAY NAGAR	MAHIMA PATAWARI	9731036200
KARNATKA	YESHWANTHPUR	REKHA PITALIYA	8310881913
KARNATAKA	HUNSUR	SUNITA DALAL	8884855273

8 MARCH TO 14 MARCH 2026

KARNATKA	K.G.F	SARITHA BANTIA	8861766378
